कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा)-II, महाराष्ट्र, नागपुर

प्रशा-/ ले.प./2021-22/ कैंटीन भर्ती/ २८७ · दिनांक -26/05/2022

परिपत्र-07

मुख्यालय के पत्र संख्या 147/17/**C&S**/कैन/भर्ती/2021-22 दिनांक 08/04/2022 सहपठित भारत के राजपत्र में प्रकाशित **GSR** संख्या 26 दिनांक 18.01.2022 एवं **GSR** संख्या 122 दिनांक 17.4.2017 अंतर्गत निर्देशों के तहत इस कार्यालय के विभागीय कैन्टीन में निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते है:-

क्र. सं.	पदनाम	वर्गीकरण	पदों की संख्या	वेतन मैट्रिक्स में स्तर
1	प्रबंधक ग्रेड-**II**	साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अननुसचिवीय	01	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-6

प्रबन्धक ग्रेड – II (Manger Grade-II) **पात्रता**:- केन्द्रीय सरकार के ऐसे पदधारी

(क) **(i)** जो मूल कैडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किये हुए हैं**;** या

(ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर - 5 (29200-92300/- रू.) या समतुल्य पदों में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में छह वर्ष सेवा की हो**;** या

(iii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-4 (25500-81100/- रू.) या समतुल्य पदों में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात उस श्रेणी में दस वर्ष सेवा की हो**,** और

(ख) जिनके पास भारत का राजस्व दिनांक 27 फरवरी -5 मार्च 2022 में स्तम्भ 7 के अधीन सीधी भर्ती के लिये वर्णित प्रबंधक ग्रेड- **II** पद के लिये विहित शैक्षणिक अहर्ताएँ और अनुभव हो

यह प्रतिनियुक्ति भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग के अंतर-विभागीय प्रतिनियुक्ति की वर्तमान में विद्यमान तथा समय-समय पर भविष्य में जारी किये जाने वाले सामान्य शर्तों पर आधारित होगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि आरम्भ में एक वर्ष के लिए होगी जिसे प्रशासनिक सुविधा के आधार पर सामान्य परिस्थिति में अधिकतम तीन (03) वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। प्रतिनियुक्ति के संबंध में अन्य आवश्यक योग्यताएं संलग्न परिशिष्ट "अ" में वर्णित है।

इच्छुक एवम् योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरकर उचित माध्यम से **(Through the proper channel)** वरि. उप महालेखाकार (प्रशासन), कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा)-**II** महाराष्ट्र, नागपुर-440001 को भेज सकते हैं। अग्रेषित करते समय प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण-पत्र / दस्तावेज संलग्न किया जाना आवश्यक है:

1. यह प्रमाण-पत्र कि आवेदक द्वारा दिया गया विवरण सही है।

2. सतर्कता अनापत्ति (**vigilance clearance**) प्रमाण-पत्र जिसमें स्पष्टतया यह उल्लेखित हो कि आवेदक के विरूद्ध कोई अनुशासनात्मक और सर्तकता संबंधी मामला लंबित अथवा विचारधीन नहीं है।

3. चयन होने की स्थिति में अधिकारी को अपना नया कार्यभार ग्रहण करने हेतु तुरंत कार्यमुक्त किया जाएगा।

4. पिछले पांच वर्षों के ए.पी.ए.आर. की प्रत्येक पृष्ठ की सत्यापित प्रतियों। प्रतियों सक्षम अधिकारी के द्वारा सत्यापित होनी चाहिए।

5. पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

आवेदन के इस कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 06/06/2022 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। दिनांक 09/05/2022 को आवेदक की आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

एक बार आवेदन करने के पश्चात उम्मीदवारी वापसी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हस्ता/-

वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)

प्रशा-/ ले.प./2021-22/ कैंटीन भर्ती/ २८७ दिनांक -27/05/2022

प्रति वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी (सी. एंड एस.), भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय, 09 दीन दयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110124 को मुख्यालय के पत्र संख्या 147/17/**C & S**/कैन/भर्ती/2021-22 दिनांक 08/04/2022 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित है।

प्रतिलिपी:

1. भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग के सभी कार्यालयाध्यक्ष
2. महालेखाकार (लेखापरीक्षा)-**II**, के सचिवालय
3. स्टेनो, वरि. उप महालेखाकार (प्रशासन)/ लेखा
4. नोटिस बोर्ड (02 प्रतियाँ)
5. वरि लेखापरीक्षा अधिकारी/ कल्याण शाखा
6. कार्यालय आदेश

वरिष्ठ उप महालेखाकार (प्रशासन)